तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, रविवार, 3 मई 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा



4

दैनिक कर्मियों ने किया कलेक्टोरेट में प्रदर्शन




**खबर संक्षेप**

### कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश हेतु आवेदन 15 मई से

**अम्बिकापुर।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अम्बिकापुर के प्राचार्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के निर्देश के परिपालन में शा. कन्या शिक्षा परिसर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 22 जून 2025 को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस हेतु कक्षा 5वीं एवं 8वीं में पंजीयन के लिए छात्राओं का ग्रेड ए होना अनिवार्य है। परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु छात्राओं को कार्यालय प्राचार्य शा. कन्या शिक्षा परिसर अम्बिकापुर में कार्यालयीन समय में पंजीयन कराना अनिवार्य है पंजीयन की तिथि 15 मई से 13 जून तक है। कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु पंजीयन के लिए उत्तीर्ण कक्षा 5वीं एवं 8वीं में ग्रेड ए की अंकसूची, आधार कार्ड, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी साथ लाना होगा एवं मोबाइल नम्बर नोट कराना आवश्यक होगा। कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर प्रावीण्य सूची पर प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कक्षा 6वीं के लिए कुल 35 सीट है जिसमें अनुसूचित जनजाति 28, अनुसूचित जाति 5,अन्य पिछड़ा वर्ग 2 सीट है। कक्षा 9वीं के लिए कुल 11 सीट है जिसमें अनुसूचित जनजाति 8, अनुसूचित जाति 3 है। वहीं कक्षा 11वीं के लिए 8 सीट है, जिसमें अनुसूचित जाति 6, अनुसूचित जाति 2 सीट है। सीटों की संख्या में आवश्यकतानुसार वृद्धि एवं कमी हो सकती है।

### 25 ग्राम पंचायतों के लिए लगेगा शिविर

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत 10 जून तक जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले में कुल 30 क्लस्टर में शिविर आयोजित होंगे, जिसमें सभी विकासखण्डों में 24 एवं नगरीय क्षेत्र में 6 शिविर होंगे। इन शिविरों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी एवं शासकीय योजनाओं के प्रति व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित की जाएगी। हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन पत्र/प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे एवं आवेदन (मांग/शिकायत) लिए जाएंगे। जिसमें 25 ग्राम पंचायतों कांतिप्रकाशपुर, श्रीगढ़, बधियाचुआं, मानिकप्रकाशपुर, कंठी, करजी, सोहगा, बरटिकरा, शिवपुर, बकालो, खाला, कतकालो, सखौली, कुबेरपुर, आमादरहा, मोहनपुर, तिहपटरा, रेवापुर, पोड़पी, दरिमा, कोटेया, छिन्दकालो, लिबरा, करेया, महुआटिकरा के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे। शिविर प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अम्बिकापुर एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बिकापुर होंगे।

### तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से डिलीवरी बॉय की मौत

**वाड्रफनगर।** शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। युवक डिलीवरी बॉय का काम करता था और अपने काम के सिलसिले में निकला हुआ था। इस दौरान बाईपास सड़क पर तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया। युवक बाइक समेत ट्रक के बीच में फंसकर लगभग 500 मीटर दूर तक घिसटता रहा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि चलगली थाना अंतर्गत ग्राम बड़कागांव निवासी 22 वर्षीय विनय देवांगन आ. मुकुंद देवांगन डिलीवरी बॉय का काम करता था।

## पहाड़ी कोरवा परिवारों के जीवन में आ रहा सकारात्मक बदलाव

# जिले में पीएम-जन मन से बदली पीवीटीजी अंचलों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विशेष पिछड़ी जनजातिय समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित प्रधानमंत्री जनमन योजना का जिले में हो रहे प्रभावी क्रियान्वयन से निर्धारित लक्ष्य तीव्र गति से हासिल हो रहे हैं।

सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में यह योजना उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव ला रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र को साकार करने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के विकास हेतु तैयार की गई पीएम-जनमन योजना को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुनियोजित कार्ययोजना के साथ लागू किया जा रहा है, जिसके उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। यह योजना विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सड़क और दूरसंचार जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के का उद्देश्य है।




### पीएम-जनमन अंतर्गत तेजी से हासिल किए गए लक्ष्य

पीएम-जनमन अंतर्गत तय किए गए लक्ष्यों के तेजी से हासिल किया जा रहा है। इसके तहत 11 बहुउद्देशीय केन्द्र बनाए गए, 1233 पक्के आवासों का निर्माण, जहरीले जीवों एवं मौसम की मार से राहत, जशपुर पीएम जनमन योजना के तहत 17 आंगनबाड़ी भवन बनाने के लिए 1 करोड़ 98 लाख की राशि स्वीकृत, 1474 अविद्युतिकृत घरों में विद्युतीकरण, लक्ष्य के विरुद्ध 101 प्रतिशत उपलब्धि, 43 घर सौर ऊर्जा से हुए रोशन, 14 मोबाइल टावरों की स्थापना, 146 कौशल एवं रोजगारपरक कार्य, 3378 आधार कार्ड बने, 8135 आयुष्मान भारत कार्ड, 465 किसान क्रेडिट कार्ड, बैंकिंग गतिविधियों से जोड़ने खोले गए 3290 बैंक खाते, 5601 लोगों के जाति प्रमाण-पत्र बने, 4070 हितग्राही पीएम किसान सम्मान निधि से हुए लाभान्वित, 70 महिलाएं पीएम मातृत्व वंदन योजना से लाभान्वित हुईं एवं 5830 राशन कार्ड बनाए गए।

### जल जीवन मिशन से पहाड़ियों तक पहुंचा स्वच्छ पेयजल

पहाड़ी एवं दुर्गम पीवीटीजी क्षेत्रों में स्वच्छ जल पहुंचाना बड़ी चुनौती थी। इसे देखते हुए पीएचई विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत मास्टर प्लान तैयार किया गया। जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन से कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष गांवों में कार्य तेजी से संचालित हो रहा है। पहले हैंडपंप पर निर्भर ग्रामीणों को अब नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो पा रहा है, उसे जल जनित बीमारियों से प्रभावी बचाव संभव हुआ है।

### वनधन केन्द्र सन्ना में फॉक्सटेल बाजरा प्रोसेसिंग यूनिट

सन्ना स्थित पीवीटीजी वनधन केन्द्र में पीएम-जनमन योजना अंतर्गत फॉक्सटेल बाजरा को चावल में प्रोसेस करने हेतु आधुनिक मशीन स्थापित की जा रही है। इससे समुदाय को तकनीकी प्रशिक्षण मिलेगा और उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। प्रोसेस किया गया उत्पाद छत्तीसगढ़ स्टेट माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस फेडरेशन के मार्ट एवं संजीवनी के माध्यम से देशभर में विपणन किया जाएगा, जिससे होने वाली आय सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी।

## जनगणना कार्य में लापरवाही सहायक शिक्षक निलंबित

**जशपुरनगर।** संबंधित विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण भवन नंबरिंग एवं मकान सूचीकरण कार्य हेतु प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण हेतु तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी दुलदुला द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलदुला में 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी दुलदुला के प्रतिवेदन कानूनगो जनगणना-2026 के अनुसार सत्यजीत निराला सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला सरहापानी बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए गए। इसके संबंध में चार्ज अधिकारी दुलदुला द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया, लेकिन कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कार्यालयीन पत्र के माध्यम से सत्यजीत निराला को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब देने निर्देशित किया गया। लेकिन निराला ने किसी भी प्रकार का जवाब प्रस्तुत नहीं किया।

सत्यजीत निराला ने जनगणना जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतते हुए उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देशों की अवहेलना की। उक्त कृत्य गंभीर लापरवाही, उदासीनता एवं कदाचरण के श्रेणी में आता है, जो छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम के खिलाफ है। इसलिए सत्यजीत निराला को छग सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुलदुला नियत किया जाता है, तथा निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### स्व जैन की स्मृति में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**जशपुरनगर।** सामाजिक सरोकारों और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से स्वर्गीय महावीर प्रसाद जैन की स्मृति में पंचायत स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता 'मनोरा 2026' का आयोजन 3 मई रविवार से किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ शाम 6:30 बजे बैरागी पेट्रोल पंप के सामने मनोरा में होगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन 'ड्रीम 11 मनोरा' आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों की क्रिकेट टीमें भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। रात्रिकालीन आयोजन होने के कारण प्रतियोगिता में आकर्षक रोशनी की व्यवस्था की गई है, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों को बेहतर अनुभव मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत उपस्थित रहेंगी। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, यश प्रताप सिंह जूदेव, विजय आदित्य सिंह जूदेव, शांति भगत, अरविंद भगत एवं गंगा राम भगत की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि, प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना है।

## नेशनल लोक अदालत 9 मई को, तैयारी को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 9 मई शनिवार को जिला एवं तालुका स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर में किया जाएगा। प्रधान जिला न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में होने वाले आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला न्यायालय जशपुर एवं अधीनस्थ न्यायालयों के मध्य जिला न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में फिजिकल व वर्चुअल माध्यम से बैठक हुई।

बैठक में संतोष कुमार तिवारी जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पत्थलगांव, भानु प्रताप सिंह त्यागी प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, बलराम कुमार देवांगन द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, जनार्दन खरे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जशपुर, सरोजनी जर्नादन खरे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सुमन सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर, श्वेता बघेल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, नरेन्द्र कुमार तेंदुलकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी कुनकुरी, अंकिता यदु न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी बगीचा, श्वेता अवस्थी न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी पत्थलगांव, दिव्या गोयल न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी जशपुर, चौताली खांडेकर न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ प्रथम श्रेणी जशपुर, पूनम नशीने न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ द्वितीय श्रेणी जशपुर, एवं नेहा तिर्की न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ तृतीय श्रेणी जशपुर उपस्थित रहे।

राजस्व न्यायालयों में समस्त अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा राजस्व मामले भू-अर्जन, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य राजस्व मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया जाएगा। उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, शमनीय मामले, बैंक के वसूली, नगर पालिक निगम, दूरसंचार विभाग के वसूली योग्य एवं न्यायालय के लंबित प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जाएगा। जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते हैं, वे पक्षकार अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निवेदन कर सकते हैं।

## सावित्रीबाई फुले महासंघ की राज्य इकाई का शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- भारती बनीं प्रदेश अध्यक्ष, नीलम को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी

सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला शिक्षक महासंघ नई दिल्ली के द्वारा संगठनात्मक विस्तार के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य इकाई का गठन कर राज्य पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम राजधानी रायपुर के वृन्दावन हाल में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि लक्ष्मी वर्मा राज्यसभा सांसद व अध्यक्षता महासंघ की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लता एस मुल्लूर ने किया। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में स्वाति वर्मा सभापति संचार एवं सकर्म जिला पंचायत रायपुर, डॉ सारिका एस गंगा राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय सहसचिव कल्पना बुतरेड्डी, अनसूया देवी पीएस, भाग्याम्मा, सिधोज कविता, राजश्री ए सज्जेश्वर, राष्ट्रीय संगठन सचिव प्रभावती एल, शांताबाई बिरादर एवं अतिथि वक्ता के रूप में नर्मदा प्रसाद मिश्र, डॉ मनीषा वत्स, विष्णुदत्त बघेल, रूचि वर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक लोकेश कुमार वर्मा उपस्थित हुए।



राज्य इकाई के पदाधिकारियों को राष्ट्रीय सहसचिव राजश्री ए सज्जेश्वर के द्वारा पद व दायित्व की शपथ दिलाई गई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भारती वर्मा, कोषाध्यक्ष नीलम वर्मा, उपाध्यक्ष सुमन जार्ज, सहसचिव सरोजनी देवी साहू, नीता यादव, शीतल बैस, संगठन सचिव गीता साहू, अम्बिका वर्मा, संभाग अध्यक्षों के रूप में दीप्ती दीक्षित, श्वेता ठाकुर, संतोषी डनसेना, भुनेश्वरी लहरे एवं सईदा खान ने शपथ ली।

कार्यक्रम संयोजक लोकेश कुमार वर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष भारती वर्मा ने सावित्रीबाई फुले पर लिखित पुस्तक 'प्रेरणा की ज्योति' एवं संतोषी डनसेना की काव्य संग्रह 'अनुभव के अंकुर' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से आए सक्रिय एवं नवाचारी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक व साहित्यिक जागरूकता, शिक्षा में नवाचारी पहल के लिए सम्मानित किया गया। रायपुर जिले की शिक्षिका ममता अहार के द्वारा सावित्रीबाई फुले के जीवन पर केन्द्रित एकल नाटिका का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि, राष्ट्रनिर्माण में नारीशक्ति की भूमिका अतुलनीय है। नारी अगर शिक्षिका हो तो राष्ट्रनिर्माण में अमूल्य योगदान देती है। महासंघ की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लता एस मुल्लूर ने कार्यक्रम में महासंघ के कार्यों और आगामी कार्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ के शिक्षकों का उत्साह देखते हुए प्रसन्नता हो रही है। आप सभी ऊर्जा और उत्साह से भरे हुए है, हम निश्चित ही यहां पर सावित्रीबाई फुले के बताए आदर्शों को पालन करने में सफल हो पाएंगे। कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं ने सावित्री बाई फुले के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार पंत व आभार प्रदर्शन नीलम वर्मा ने किया गया।



## जशपुर में जल माफिया में मचा हड़कंप, 2 बोरवेल मशीनें जब्त

**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा तहसील अंतर्गत बीमडा गांव में अवैध बोरवेल खनन के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो बोरवेल मशीन ट्रकों को जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई ग्रामवासियों की शिकायत के बाद की गई, जिसमें बिना अनुमति के बोर खनन किए जाने की जानकारी दी गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीमडा निवासी अजय लकड़ा पिता सिमोन लकड़ा अपनी निजी जमीन पर बिना अनुमति के बोरवेल खनन करवा रहा था। मामले की सूचना मिलते ही बगीचा एसडीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए। निर्देश के तहत पटवारी को मौके पर भेजा गया, जहां निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वाहन सीजी 13 एएच 1381 और सीजी 13 एएम 1667 के माध्यम से बोरवेल खनन किया जा रहा था। जांच में बोर खनन के लिए किसी भी प्रकार की वैधानिक अनुमति नहीं पाई गई। इसके बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों बोरवेल मशीन ट्रकों को जब्त कर बगीचा थाना में सुरक्षित रखा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति के भूजल दोहन पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### भूजल स्तर गिरने से बढ़ी चिंता

स्थानीय स्तर पर लगातार गिरते भूजल स्तर को लेकर प्रशासन और आमजन दोनों चिंतित हैं। जिले में बाहरी बोरवेल संचालकों द्वारा अवैध रूप से बोर खनन किए जाने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे जलस्रोतों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार अनियंत्रित बोरवेल खनन भूजल स्तर में तेजी से गिरावट का प्रमुख कारण बन रहा है। ऐसे में इस प्रकार की कार्रवाई को जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### नल-जल योजना पर जोर

सरकार द्वारा बोरवेल पर निर्भरता कम करने और हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से "नल जल योजना" संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत सामूहिक जल आपूर्ति प्रणाली विकसित की जा रही है, ताकि अनावश्यक और अवैध बोर खनन को रोका जा सके। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि, वे बिना अनुमति बोर खनन न कराएं और जल संरक्षण के प्रयासों में सहयोग करें।

### पेड़ पर लटक रहे 8-10 छत्ते, वन विभाग अनजान

# साहीडांड बाजार में मधुमक्खियों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

साहीडांड के साप्ताहिक बाजार में शनिवार को मधुमक्खियों के हमले से अफरा-तफरी मच गई। बाजारडांड से सटे सेमर पेड़ पर पिछले कई महीनों से 8-10 बड़े मधुमक्खी के छत्ते लटके हुए हैं, जिन्हें हटाने की जहमत वन विभाग ने नहीं उठाई। तस्वीर में साफ दिख रहा है कि बाजार की दुकानों के ठीक ऊपर सेमर के पेड़ पर दर्जनों छत्ते लटके हैं। साप्ताहिक बाजार में हजारों लोगों की भीड़ होती है, इसके बावजूद वन विभाग ने खतरे को नजरअंदाज किया। दोपहर 3 बजे अचानक आए तूफान के झटके से छत्तों से हजारों मधुमक्खियां उड़ गईं और बाजार में मौजूद लोगों



पर हमला बोल दिया। जान बचाने के लिए लोग ठेलों के नीचे और दुकानों में दुबक गए।हमले के बाद एक ग्रामीण गमछे से पूरा मुंह ढंककर बाइक के पास खड़ा है। बाजार में सन्नाटा पसरा है। वन विभाग की लापरवाही से व्यापारियों का नुकसान हुआ और लोगों की जान जोखिम में पड़ी।

### स्थानीय व्यापारियों की प्रशासन से मांग

बाजार के दुकानदारों ने वन विभाग के डीएफओ जशपुर से मांग की है कि, 24 घंटे के अंदर सेमर पेड़ से सभी छत्तों को सुरक्षित तरीके से हटाया जाए। साथ ही लापरवाह फील्ड अमले पर कार्रवाई हो।





Our Stars of JEE Session-II
RESULTS ही है, हमारी पहचान
ये सिर्फ रिजल्ट नहीं...
ACHARYA INSTITUTE
Ka statement hai
ADYA GUPTA 99.76 %ile PHY: 99.61 CHE: 99.76 MATH: 99.39
NATIK CHANDWANI 99.21 %ile PHY: 99.53 CHE: 97.97 MATH: 98.53
UTKARSH AWASTHI 99.20 %ile PHY: 98.06 CHE: 99.25 MATH: 98.51
PRASAN AGRAWAL 99.60 %ile PHY: 99.65 CHE: 98.23 MATH: 99.51
HARSHIT KUMAR SINGH 99.21 %ile PHY: 99.27 CHE: 98.97 MATH: 97.44
AIR 12770
AIR 12577
Cat.AIR 774
AIR 3813
AIR 6420
AIR 12665
हर मार्क के पीछे है Acharya का भरोसा
ALIYA SHEIKH ASLAM 98.94 %ile PHY: 99.10 CHE: 94.26 MATH: 98.07
YASH CHANDANI 98.67 %ile PHY: 98.40 CHE: 97.43 MATH: 97.70
ADITI KRISMUCS 98.44 %ile PHY: 94.88 CHE: 99.01 MATH: 98.01
SAYAM GHOSH 98.21 %ile PHY: 96.52 CHE: 97.41 MATH: 98.08
DHAIRYA OJHA 97.88 %ile PHY: 98.02 CHE: 97.87 MATH: 86.75
RAGHAV SINGH 97.78 %ile PHY: 99.12 CHE: 98.84
SRIJAN SWARNAKAR 97.76 %ile PHY: 99.15 CHE: 97.97 MATH: 92.01
PRAKASH AGRAWAL 97.74 %ile PHY: 95.28 CHE: 90.82 MATH: 99.02
SHIVANSH DUBEY 97.36 %ile PHY: 98.66 CHE: 96.49 MATH: 86.79
ABHAY BANJARA 96.22 %ile PHY: 96.09 CHE: 91.94 MATH: 95.48
AKSHAT TIWARI 96.13 %ile PHY: 98.77 CHE: 97.05
ADITI CHANDRAKAR 95.09 %ile PHY: 86.33 CHE: 96.33 MATH: 96.41
AMBUJ YADAV 95.01 %ile PHY: 95.35 CHE: 95.94 MATH: 67.66
ASTHA SONI 94.77 %ile PHY: 96.64 CHE: 91.81 MATH: 81.65
SUJAL PATEL 93.76 %ile PHY: 94.83 CHE: 97.54
ANURAG SINHA 93.11 %ile PHY: 91.88 CHE: 76.10 MATH: 95.29
MOKSHA TIWARI 92.90 %ile PHY: 90.52 CHE: 91.08 MATH: 92.37
OM VERMA 92.90 %ile PHY: 96.68 CHE: 92.96 MATH: 95.86
PRATIKSHA SAHU 91.79 %ile PHY: 93.50 CHE: 90.13 MATH: 64.33
HIMANSHU SINGH THAKUR 90.38 %ile PHY: 87.87 CHE: 61.02 MATH: 96.52
99%+ 5 Students
98%+ 4 Students
95%+ 18 Students
36+ Students Advanced Qualified
Best "NEET" Results 2024
ACHARYA KI SHRISHTI
छत्तीसगढ़ NEET TOPPER
710/720 STATE TOPPER
AIR 364
FIRST RANK IN CHHATTISHGARH
PHY 180/180 CHE 175/180 ZOO 180/180 BOT 175/180
AIIMS BHOPAL
SHRISHTI GUPTA
3 YEAR INTEGRATED
ACI REG. ID : AIO1BSP2550
705/720
PHY 180/180 CHE 180/180 ZOO 175/180 BOT 170/180
AIIMS HYDERABAD
GUNJAN MISHRA
2 YEAR INTEGRATED
ACI REG. ID : AIO1BSP2575
663/720 ANANYA GUPTA JNM RAIPUR
647/720 AKSHAT JAISWAL GMC RAJNANDGON
644/720 SHUBH SHARMA GMC RAJNANDGON
640/720 ANISH DEWANGAN CIMS BILASPUR
630/720 SUBRAT JAISWAL GMC RAIGARH
617/720 SNEHA SINGH DEV JNM RAIPUR
Best "NEET" Results 2025
564/720 JANHVI JAIN JNM RAIPUR
561/720 AADYA KAUSHIK JNM RAIPUR
533/720 ASHFIYA ALI CIMS BILASPUR
492/720 VIDYA JAHNVI GMC RANCHI
506/720 HITESH NISHAD RAJNANDGAON
492/720 KRISHNA DEWANGAN GMC RAIGARH
100+ Student Selected in Govt. College & Many More...
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ADMISSION OPEN 2026-27
11th-12th NEW BATCH 7th MAY
IIT-JEE DROPPER BATCH (HINDI & ENGLISH MEDIUM) 7TH MAY
NEET DROPPER BATCH (HINDI & ENGLISH MEDIUM) NEW BATCHS - 7th MAY & 18th MAY
FOUNDATION NEW BATCH (6TH TO 10TH) 8th MAY
SUMMER COURSE 8-12TH ENGLISH MEDIUM | 11TH & 12TH HINDI MEDIUM STARTING FROM MAY 1st WEEK 2026
A Promise beyond excellence
ACHARYA INSTITUTE
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
8463879119
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTA
ADMISSION Start
FOR ADMISSION
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### भाजपा विधि प्रकोष्ठ नहीं करेगा दुष्कर्म के आरोपियों की पैरवी

**अंबिकापुर।** सीतापुर क्षेत्र की आदिवासी बच्चियों से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर समाज के हर तबके में आक्रोश है। इस घटना को



लेकर भाजपा की विधि प्रकोष्ठ ने भी आरोपियों की पैरवी नहीं करने का निर्णय लिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के निर्देश पर विधि प्रकोष्ठ की बैठक में अधिवक्ताओं एवं पदाधिकारियों ने घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए पीड़ित बच्चियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की मांग की। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं अधिवक्ता जनमेजय पांडेय ने बताया कि हम सब ने सर्व सहमति से पैरवी न करने का निर्णय लिया है, उन्होंने बताया कि अधिवक्तागण उक्त जघन्य अपराध के आरोपियों की किसी भी प्रकार से न कानूनी सहायता करेंगे और न उनका केस लड़ेंगे। बैठक में यह भी कहा गया कि इस प्रकार के अमानवीय कृत्य समाज में असहनीय हैं और ऐसे अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### कैडेट को शौर्य प्रतिभा सम्मान से किया गया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल के कैडेट ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के



लिए कैडेट को' शौर्य प्रतिभा सम्मान योजना' के अंतर्गत सम्मानित किया गया। यह सम्मान सरगुजा आयुक्त नरेंद्र दुग्गा द्वारा प्रदान किया गया। कैडेट को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए रजत पदक एवं प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है, जिसमें देश भर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा होती है। कैडेट ने अपने परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय की प्राचार्य एवं शिक्षकों ने कैडेट की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत हैं।

### सैनिक स्कूल अंबिकापुर में इंटर-हाउस हॉकी टूर्नामेंट का सफल आयोजन

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में इंटर-हाउस हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न हाउसों के कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय दिया। टूर्नामेंट का आयोजन तीन वर्गों जूनियर बालक, सब जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग में किया गया। सभी मुकाबले रोमांचक रहे और खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती रही। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता तथा अनुशासन निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रतियोगिता के परिणामों में अर्जन हाउस एवं विजयंता हाउस ने विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट के दौरान शानदार खेल प्रदर्शन के लिए कैडेट जोंसी केरकेट्टा, कैडेट लव कटारा एवं कैडेट घनश्याम को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के सम्मान से नवाजा गया। उन्हें ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे कैडेटों को स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर द्वारा सम्मानित किया गया।

### आग की चपेट में आने से झुलसी महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** चाय बनाने के दौरान आग की चपेट में आने से गंभीर हुई महिला की निजी अस्पताल में मौत हो गई। महिला गैस जलाकर जैसे ही जलते माचिस की तिल्ली को फेकी तभी डिब्बा में रखे पेट्रोल में आग पकड़ लिया जिससे आग की चपेट में आ गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस के मुताबिक सीतापुर अंतर्गत ग्राम रजौटी निवासी ममता कुमारी अग्रवाल पति उमेश अग्रवाल (22 वर्ष) 21 अप्रैल को दिन में चाय बनाने के लिए गैस जलाए और जलते तिल्ली को पास ही फेंक दी। तिल्ली पास ही रखे पेट्रोल रखे डिब्बा के संपर्क में आने से आग पकड़ लिया जिससे महिला आग की चपेट में आ गई। परिजन महिला को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन महिला को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### करंट की चपेट में आने से ग्रामीण गंभीर, मौत

**अम्बिकापुर।** रघुनाथनगर अंतर्गत ग्राम पटेवा निवासी राम सूरत पावले आ. स्व. जनक सिंह (49 वर्ष) 25 अप्रैल को पत्नी व बेटी के साथ लगाए गए प्यास की फसल में पंप से पानी पटा रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया। पिता के करंट की चपेट में देख बेटी शोर मचाने लगी जिस पर पत्नी ने विद्युत तार कर डंडे से अलग किया। परिजन राम सूरत को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई।

---

### बैजनाथपुर जलाशय में मंडरा रहा संकट, 2.22 करोड़ की स्वीकृति के बावजूद काम ठप

# एसईसीएल खदान की मिट्टी से भरता जा रहा जलाशय, करोड़ों की मरम्मत योजना अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

गांव का जलस्तर न गिरे और कुआं, हैंडपंप, बोर में पर्याप्त मात्रा में जल हो इसे ध्यान में रखकर जलाशय का निर्माण किया जाता है। जहां जलाशय होता है उसके आसपास गांव में न सर्फ जल स्तर बरकरार होता है बल्कि खेती किसानी के लिए ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होतो है। इसी उद्देश्य से सालो पूर्व ग्राम बैजनाथपुर में जलाशय का निर्माण किया गया परंतु जलाशय इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रहा है। एक ओर करोड़ों रुपये की स्वीकृत मरम्मत योजना अधूरी पड़ी है, वहीं दूसरी ओर एसईसीएल भटगांव खदान से निकल रही मिट्टी जलाशय में डंप किए जाने से स्थिति और भयावह हो गई है। इस दोहरी लापरवाही ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है।

**खास बात**
- जलाशय का दायरा घटने से खेती किसानी पर पड़ सकता है असर

भैयाथान विकासखंड अंतर्गत ग्राम बैजनाथपुर में क्षेत्र किसानों को लाभ मिल सके इस उद्देश्य से साल 1978 में लगभग 8 लाख की लागत से जलाशय का निर्माण कराया गया। लगभग 55 एकड़ में निर्मित जलाशय निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद आसपास गांव के लोगों को इसका लाभ मिलने लगा और क्षेत्र का जल स्तर भी बरकरार होने से कुंआ, ढोढ़ी, बोर सहित हेण्ड पंप से लोगों को निस्तार सहित खेती किसानी के लिए भी पर्याप्त पानी की सुविधा मिलने लगे। लंबे समय तक जलाशय की मरम्मत होने होने से बारिश के बाद जलाशय सूखने लगी। जलाशय में बारिश का पानी संग्रहित हो इसे लेकर बैजनाथपुर (ब) जलाशय के मरम्मत कार्य के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2 करोड़ 22 लाख 79 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति 13 अगस्त 2024 को जारी की गई थी। कार्य जल संसाधन विभाग के माध्यम से ठेकेदार को सौंपा गया और शुरू भी हुआ लेकिन ठेकेदार ने कार्य बीच में ही अधूरा छोड़ दिया। दिसंबर माह में ही जलाशय को मरम्मत के लिए सूखाया गया लेकिन आज तक मरम्मत कार्य पूर्ण नहीं हो सकी। ग्रामीणों का आरोप है कि एक ओर ठेकेदार द्वारा मरम्मत कार्य बंद कर दिया गया है वहीं दूसरी ओर एसईसीएल भटगांव क्षेत्र से निकाली जा रही भारी मात्रा में मिट्टी को जलाशय और उसके आसपास डंप किया जा रहा है, जिससे जलभराव क्षेत्र लगातार कम होता जा रहा है, बांध की जलधारण क्षमता लगभग समाप्त हो गई है, जलाशय की संरचना को गंभीर नुकसान पहुंचा है, इससे जलाशय का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। ऐसे में इस पूरे मामले में जल संसाधन विभाग, एसईसीएल प्रबंधन और संबंधित ठेकेदार की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कार्य की निगरानी और जवाबदेही तय नहीं होने के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



बैजनाथपुर जलाशय।

#### प्रशासन से लगाई गुहार

ग्राम बैजनाथपुर के ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से आवेदन प्रस्तुत कर प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। जलाशय क्षेत्र में मिट्टी डंपिंग तत्काल रोकी जाए, दोषी अधिकारियों, एसईसीएल प्रबंधन और ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही वर्षा ऋतु से पहले गुणवत्ता के साथ मरम्मत कार्य पूर्ण कराया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम पंचायत बैजनाथपुर के सरपंच निल सिंह, अभय प्रताप सिंह, प्रदीप राजवाड़े, बुद्धदेव सिंह, मानिक चंद राजवाड़े, शैलेश उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

#### फसल हो सकती है चौपट

बैजनाथपुर जलाशय की मरम्मत नहीं होने तथा एसईसीएल से निकल रही मिट्टी के जलाशय में डंप करने से जलाशय के पटने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत कार्य पूरा नहीं कराया गया और मिट्टी डंपिंग नहीं रोकी गई, तो बारिश में खेतों में पानी भरने से फसलें चौपट हो सकती हैं, गांव में जलभराव और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाएगी। ऐसे में जन-धन की हानि से इंकार नहीं किया जा सकता।

#### जीएम ने दिया आश्वासन

जलाशय में खदान की मिट्टी डंप किए जाने की शिकायत को लेकर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने समस्या के संबंध में भटगांव खदान के जीएम शरद कुमार तिवारी को अवगत कराया। ग्रामीणों बताया कि ओपन कास्ट खदान की मिट्टी कटाव होकर डेम में आ रहा है जिससे डेम का अस्तित्व खतरे में है। जिस पर जीएम ने आश्वासन दिया कि उसको हटाने का जल्द ही प्रयास किया जाएगा।

#### ग्रामीणों ने कराया है काम बंद

जानकारी मिली है काम को ग्रामीणों ने बंद करवाया है। एसी साहब अभी हाल ही में वहां जाकर मौके का जायजा लेंगे और ग्रामीणों को समझाएंगे। एसईसीएल से बात हुई है जहां खदान की मिट्टी डेम में आ रही है वहां पर वाल्व लगाने की बात हुई है।

-तरन्नुम ख़ानम
ई-जल संसाधन विभाग

---



### पथरी की बीमारी से गंभीर मरीज की उपचार के दौरान मौत, परिजन ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पथरी की बीमारी से गंभीर मरीज की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजन ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही समय पर उपचार नहीं करने का आरोप लगाया है। इधर अस्पताल प्रबंधन ने युवक की मौत के लिए परिजन को जिम्मेदार ठहराया है जिसके बाद परिजन ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। फिलहाल इस मामले में दोनों पक्षों के बीच चर्चा की जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम जमड़ी करदोनी निवासी राजपाल खलखो को पेट में दर्द और पथरी की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के मामले में परिजन जयमनी किस्पोट्टा व सुशीला किस्पोट्टा का आरोप है कि अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उपचार के दौरान लापरवाही बरती गई। समय पर मरीज को अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया। इसके साथ ही युवक जब पेट दर्द और जलन से तड़प रहा था तो परिजन लगातार चिकित्सक से मिलकर जांच करने की गुहार लगा रहे थे लेकिन किसी भी चिकित्सक ने उसका उपचार नहीं किया। मरीज की बीपी तक नहीं ली गई। परिजन का कहना है कि युवक की मौत के बाद चिकित्सक और कर्मचारियों द्वारा उनके साथ गलत व्यवहार किया गया और परिजन को ही युवक की मौत का जिम्मेदार ठहरा दिया गया। चिकित्सकों ने परिजन पर आरोप लगाया कि मना करने के बाद भी उन्होंने मरीज को खाना खिलाने के साथ ही पानी पिलाया जिससे उसकी तबियत बिगड़ी जबकि परिजन का कहना है कि किसी भी डॉक्टर ने उन्हें ऐसा करने से मना नहीं किया था। जब उसकी हालत नाजुक हो गई तो उसे आईसीयू में लेकर जाने लगे। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन व चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद प्रबंधन के अधिकारी और पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही थी।

- चिकित्सकों पर लगाया समय पर उपचार नहीं करने का आरोप

#### पीएम से होगा मौत का कारण स्पष्ट

मरीज को पेट में पथरी की शिकायत थी, आईसीयू में शिफ्ट किया जा रहा था। उनको कुछ भी पिलाना नहीं था। परिजन ने कुछ पीला दिया जिससे उनकी तबियत खराब हुई। गार्ड ने वीडियो बंनाने से रोका था। आईसीयू क्षेत्र में प्रतिबंधित होता है। पीएम के बाद मौत का कारण पता चलेगा।

-डॉ. संतू बाग
मेडिकल कॉलेज अस्पताल

---

### युवक को कुर्सी में बांधकर बेदम पिटाई का वीडियो वायरल होने के मामले में काउंटर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दो दिवस पूर्व जयनगर थाना क्षेत्र के मदनपुर में एक युवक को कुर्सी में बांध कर बेल्ट से बेदम पिटाई करने मामले में वायरल हुए वीडियो के बाद जयनगर पुलिस ने मामले में काउंटर अपराध दर्ज किया है।पूरा मामला युवती से मोबाइल में चैटिंग करने की बात को लेकर विवाद होना सामने आया है। इधर सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है और आरोपितों सहित दूसरे पक्ष के युवक के खिलाफ काउंटर अपराध दर्ज किया है।

मारपीट घटना के शिकार हुए युवक श्याम मिलन पिता चिंतामणि निवासी मैनपाट थाना कमलेश्वरपुर ने पुलिस में



शिकायत दर्ज कराया कि वह स्वयं के ट्रैक्टर से पिछले पांच दिनों से मिट्टी ढोने का काम करने मदनपुर आया हुआ है।जहां उसकी पहचान एक युवती से हुई युवती ने उसे मोबाइल नंबर दिया और कहा कि लेबर का जरूरत होगा तो बताना इतने में इसने युवती का नंबर ले लिया।इसी नंबर से पलास राय उर्फ डब्बू उससे लड़की बनकर मोबाइल में चैटिंग कर रहा था।30 अप्रैल को उसे मोबाइल से मैसेज कर पलास राय अपने घर बुला लिया। यहां पहले से उपस्थित अन्य लोग उसे पकड़ कर कुर्सी में बैठा कर नितिन, पलास राय सहित दो अन्य लोग पकड़ कर उसे बेल्ट से बेदम पिटाई की है। साथ ही मार कर दफना देने धमकी भी दी गई।रिपोर्ट पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3) 3(5) के तहत केस दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।वही दूसरे पक्ष की महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ट्रेक्टर स्वामी श्याम मिलन के खिलाफ बीएनएस की धारा296, 351(2) के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत पर मामले को जांच में लिया है। बता दें कि घटना में युवकों ने ट्रेक्टर स्वामी को कुर्सी में बांधकर चमड़े की बेल्ट से बेरहमी के साथ घंटों मारपीट किया जिससे उसके पीठ सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में गहरे जख्म उभर आए।युवक को कुर्सी में बैठा बांधकर मारपीट मामले का वीडियो सोशल मीडिया में जब वायरल हुआ तब पुलिस युवक की तलाश कर पूछताछ के बाद मामला दर्ज कर लिया है।युवक से बेरहमी से की गई मारपीट क्रूरता की हदें पार करने वाले वीडियो और युवक के पीठ के उभरे जख्म घटना की संवेदन शीलता दर्शा रही है।

---

### जनगणना 2027: प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य आज से प्रारंभ हो गया है। जनगणना कार्य 30 मई तक संचालित किया जाएगा। इस चरण के तहत जिले के प्रत्येक मकानों का भौतिक सत्यापन करते हुए उसकी स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं एवं अन्य मूलभूत जानकारियों का संकलन किया जाएगा।

- कलेक्टर ने ग्राम पंचायत आमदरहा में जनगणना कार्यों का किया निरीक्षण

कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जनगणना कार्यों की प्रगति का जायजा लेने हेतु ग्राम पंचायत आमदरहा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों से जनगणना प्रक्रिया की जानकारी ली तथा कार्य की गुणवत्ता के साथ समय पूर्व जनगणना कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण नागरिकों को जागरूक करने के लिए मुनादी कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई समस्त जानकारी जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एकत्रित आंकड़ों को सुरक्षित सर्वर पर एनक्रिप्टेड रूप में संग्रहित



किया जाए तथा किसी भी व्यक्ति विशेष की पहचान, नाम अथवा पता सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने जनगणना के नाम पर होने वाले संभावित फर्जीवाड़े से सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि नागरिक केवल शासन द्वारा अधिकृत प्रगणकों को ही सही एवं सत्य जानकारी प्रदान करें। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि जनगणना देश के समग्र विकास की आधारशिला है। इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का निर्माण एवं संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने समस्त नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए जनगणना प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

---

### सुशासन तिहार के पहले दिन बरकेला में मिले 494 आवेदन, 454 का त्वरित निराकरण भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शुक्रवार से सरगुजा में सुशासन तिहार 2026 के तहत अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बरकेला क्लस्टर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 25 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए और अपनी मांग एवं शिकायतों के लेकर 494 आवेदन दिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा 454 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। शेष आवेदनों को जांच पश्चात आवेदकों को निराकरण की सूचना दी जाएगी। शिविर में कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, मत्स्य सहित कुल 27 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। वहीं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कई मांगों का मौके पर निराकरण करते हुए

- कलेक्टर ने किया निरीक्षण, ग्रामीणों से किया संवाद



हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया। जन समस्या निवारण शिविर का कलेक्टर अजीत वसंत एवं जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोगों की मांग एवं शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री वसंत ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी मांगे एवं समस्याएं सुनीं। उन्होंने कई मांगों का मौके पर निराकरण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा प्राप्त शिकायतों पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने ग्राम पंचायतों में संचालित आंगनवाड़ी, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण कर समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराएं, जिससे समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह, उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान शिविर में जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, श्रीमती पायल सिंह तोमर, श्रीमती अनिमा केरकेट्टा, जनपद अध्यक्ष विक्रम सोनपाकर, जनपद सदस्य, सरपंचगण सहित एसडीएम बनसिंह नेताम, जनपद सीईओ राजेश सेंगर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

---

### बुद्ध पूर्णिमा पर सामूहिक हवन, वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हुआ नगर

**रामानुजगंज।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर कनहर नदी तट स्थित प्राचीन राम मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञ की पवित्र अग्नि से आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर हो उठा। इस अवसर पर पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा द्वारा भव्य सामूहिक हवन का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के साधकों ने श्रद्धा और समर्पण के साथ आहुति अर्पित कर विश्व शांति एवं मानव कल्याण की कामना की। योग कक्षा की संचालिका आरती वाजपेई ने बताया कि पतंजलि कायाकल्प योग कक्षा की गतिविधियां केवल नगर तक



सीमित नहीं हैं, बल्कि मध्य प्रदेश के अशोक नगर, ग्वालियर और भोपाल में भी ऑफलाइन कक्षाओं के साथ-साथ यूट्यूब के माध्यम से ऑनलाइन संचालित की जा रही हैं। प्रतिदिन साधक इन कक्षाओं से जुड़कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पूर्णिमा और विशेष पर्वों पर हवन-यज्ञ का आयोजन संस्था की प्रमुख विशेषता बन चुका है। हवन कार्यक्रम में आरती-ज्ञानेंद्र वाजपेई, सिमी गुप्ता, सोनिया ओइमा, ममता ठाकुर, रामावतार कश्यप, अमित जायसवाल, अरविंद दुबे, संतोष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 5 को

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि 5 मई को जिला पंचायत सरगुजा की सामान्य सभा की बैठक दोपहर 11 बजे जिला पंचायत सरगुजा के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने बैठक में सर्व सम्बन्धितों को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

---

#### सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग

### रामगढ़ में सामुदायिक वन प्रबंधन पर जन संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

वन अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन और सामुदायिक वन संसाधनों के बेहतर प्रबंधन को लेकर रामगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के मौके पर महत्वपूर्ण जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2006 में लागू किए गए अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम के तहत वन पर निर्भर समुदायों को उनके अधिकार प्रदान किए गए हैं। इसी कड़ी में जिले




में अब तक 262 ग्राम सभाओं को सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन की मान्यता मिल चुकी है।

हालांकि पिछले 5-6 वर्षों में इन ग्राम सभाओं द्वारा वन संरक्षण और प्रबंधन की गति धीमी रही है। इसे ध्यान में रखते हुए चौपाल ग्रामीण विकास प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान द्वारा 1 मई को उदयपुर ब्लॉक के रामगढ़ सीता बेंगरा में सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन पर जनसंवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न ग्राम सभाओं के प्रतिनिधि अपने अनुभव, उपलब्धियां और चुनौतियां को साझा किया। हाथी विशेषज्ञ अमलेंदु मिश्र और गरियाबंद के सामाजिक कार्यकर्ता बेनीपुरी गोस्वामी, विजेंद्र अजनबी,उपेंद्र सिंह प्रदेश अध्यक्ष, सचिव संघ, अनिल गुप्ता जिला अध्यक्ष सचिव संघ, भोलू राम पंडो मुखिया पंडो समाज, शिवरतन राम पहाड़ी कोरवा समाज प्रमुख, नानमणि पैकरा सदस्य जिला पंचायत, राधा रवि, शशिकला अध्यक्ष जनपद पंचायत लखनपुर, मोनिका पैकरा, बनवारी राम अध्यक्ष सरपंच संघ लखनपुर, खेनराज सरपंच मांजा ने भी अपने अनुभवों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया।

## खबर संक्षेप



### विधिक सेवा प्राधिकरण ने मनाया मजदूर दिवस

कुड़ेकेला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष न्यायाधीश एवं जिला सचिव एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ अध्यक्ष न्यायाधीश के आदेशानुसार आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस ग्राम पंचायत छाल मे मनाया गया। जिसमें गांव के सरपंच मजदूरों आम जनता थाना स्टॉफ पैरा लिगल वालिंटियर मौसमी शर्मा द्वारा बताया गया कि मजदूर दिवस मनाने के मुख्य उद्देश्य है। श्रमिकों के बड़ा योगदान अधिकारों की रक्षा करना चाहिए और उन्हें सम्मान देना है पहले के समय में मजदूरों बहुत काम कराया जाता था और उन्हें उचित वेतन नही मिलता था अधिकारों के लिए के आंदोलन का आयोजन किया गया जिसके बाद उन्हें आराम मिला अभी मजदूर को विभिन्न क्षेत्रों में काम करते हैं जैसे निर्माण कार्य खेती उद्योग और सेवाएं में हर जगह उनका योगदान रहता है उनके परिश्रम का सम्मान करना चाहिए और उनके परिश्रम का सम्मान करना चाहिए और उनके अधिकारों का रक्षा करना चाहिए और आज के दिन अवकाश भी रहता है और उनके मेहनत को सम्मान दिया जाता है मजदूर को आठ घण्टे का काम करने का अधिकार है और उनके शोषण के खिलाफ एकता का अधिकार है।

### सुशासन तिहार के पहले शिविर का आयोजन

सारंगढ़। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन में नगर पंचायत भटगांव के सांस्कृतिक भवन में सुशासन तिहार 2026 के तहत पहला शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने पूजा.अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में वार्ड क्रमांक 1 से 8 तक के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का आकर्षक स्टॉल भी लगाया गयाए जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने.अपने स्टॉल लगाए गएए जहां अधिकारियों ने आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

### निगम की जीत से क्रिकेट का शुभारंभ

रायगढ़। सर्व विभागीय कर्मचारी क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। 1 से 3 मई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो और नगर निगम कमिश्नर ब्रजेश सिंह क्षत्रिय ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और खेल प्रेमी मौजूद रहे, जिससे आयोजन का माहौल और भी जीवंत हो उठा। प्रतियोगिता के पहले ही मुकाबले में जिला प्रशासन और नगर निगम की टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। टॉस जीतकर जिला प्रशासन ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन नगर निगम की अनुशासित और धारदार गेंदबाजी के सामने उनकी पारी लड़खड़ा गई। निर्धारित 10 ओवर में टीम 9 विकेट खोकर महज 78 रन ही बना सकी। 79 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नगर निगम की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए। बल्लेबाजों ने शानदार तालमेल और तेज रन गति के साथ खेलते हुए मुकाबले को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। टीम ने केवल 1 विकेट खोकर 7वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और जीत अपने नाम कर ली। इस क्रिकेट मैच को लेकर अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन कर्मचारियों के बीच न केवल आपसी समन्वय और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम है। साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी बढ़ावा मिलता है।

## चुनावी घोषणा पत्र में 100 दिन के भीतर नियमित करने का था वादा 800 दिन बाद भी अधूरा

# दैनिक कर्मियों ने किया कलेक्टोरेट में प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ›› रायगढ़

विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को सरकार बनने के 100 दिनों के भीतर नियमित करने का वादा किया था, लेकिन आज 800 दिन बीतने के बाद भी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण का लाभ नहीं मिल सका है। ऐसे में मजदूर दिवस पर प्रदेश के कई जिलों से आए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने मिनी स्टेडियम से रैली निकाली और नियमितीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। वे वित्त मंत्री निवास घेराव करने निकले थे, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं दी गई। ऐसे में कर्मचारियों ने कलेक्टोरेट घेराव करते हुए अपनी मांगे रखीं।

प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि प्रदेश में सरकार बनने से पूर्व भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता तथा वर्तमान में पदस्थ कैबिनेट मंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, केदार कश्यप, ओ.पी. चौधरी ने छत्तीसगढ़ फेडरेशन के मंच में आकर घोषणा की थी कि भाजपा की सरकार बनने पर दैनिक वेतन भोगी अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा । किंतु आज इस वादे को 800 दिन बीत चुके हैं, लेकिन आज तक न तो नियमितीकरण का पता है और ना ही स्थायीकरण को लेकर सरकार कुछ कहने और करने को तैयार हो रही है। यही वजह है कि मजदूर दिवस में किए गए रैली व प्रदर्शन में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के साथ वन विभाग, उद्यानिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, बीज निगम, वन विकास निगम, लघुवनोपज संघ सहित स्कूल सफाई कर्मचारी भी शामिल थे।

इस दौरान समस्त विभाग, निगम, मंडल, बोर्ड में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी, वाहन चालक, कार्यालय सहायक कम्प्यूटर आपरेटर, डाटा एन्ट्री आपरेटर, तेन्दूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक को नियमितीकरण का लाभ देने की मांग की गई।

जिन कर्मचारियों ने 02 वर्ष सेवा पूर्ण कर ली है उन्हे मध्यप्रदेश राज्य की तर्ज पर स्थायीकरण करने की मांग की है। इसके अलावा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए आकस्मिकता कार्यभारित किये जाने के लिए प्रस्ताव वित्त विभाग में भेजा गया है, जिसे अब तक स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है ।

### आउट सोर्स व प्लेसमेंट पर रोक लगाने की मांग

साथ ही दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने श्रम सहिता कानून लागू कर केन्द्र के समान वेतन देने की मांग की है। दिया जायें । सरकार ने श्रम सम्मान राशि दिए जाने का वादा किया था । जिसके तहत 4 हजार रूपए उन्हें मिलना था, लेकिन अब भी उन्हें इससे वंचित रखा गया है। समस्त विभागों,निगम, मंडल, बोर्ड में आउटसोर्स, प्लेसमेंट ठेका के माध्यम से की जा रही कर्मचारियों की भर्ती पर रोक लगाने की मांग की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग में सफाई कर्मचारियों को 3 हजार 500 रुपए मानदेय देकर अल्प वेतन पर कार्य कराया जा रहा है जिसें 08 घंटा कार्य लेकर पूर्णकालिक करते हुए श्रमायुक्त दर से वेतन प्रदान करने की मांग की गई है।

### मजदूर दिवस पर अवकाश घोषित करने की मांग

इसके अलावा प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने समस्त विभागों में तृतीय एवं चतुर्थ को समाहितिकरण करने की मांग की है । साथ ही 01 मई मजदूर दिवस को शासकीय अवकाशश्रेणी के रिक्त पदों पर योग्यता एवं अनुभव के आधार पर दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों घोषित करने की मांग की है। संयुक्त वन प्रबंधन समिति,एएनआर, वन विकास अभिकरण, वृक्षारोपण में कार्य करने वाले सुरक्षा श्रमिकों को प्रतिमाह श्रमायुक्त दर से वेतन भुगतान करने की मांग की गई है।

### जूटमिल क्षेत्र में जुआ फड़ पर कार्रवाई, 8 जुआरी गिरफ्तार

रायगढ़। बीती रात थाना साइबर और थाना जूटमिल की संयुक्त टीम ने जूटमिल क्षेत्र के मौदहापारा में दबिश देकर जुआ फड़ का भंडाफोड़ किया। पुलिस स्ट्रीट लाइट के नीचे कुछ व्यक्ति रुपये-पैसों का दांव लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेलते 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस टीम को देखकर कुछ जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। मामले की जांच में सामने आया कि पकड़े गए आरोपियों में मोहम्मद फिरोज उर्फ छोटू और जय सिंह थाना जूटमिल क्षेत्र के सूचीबद्ध गुण्डा-बदमाश हैं। इस कार्रवाई में अलेख कुमार पटेल पिता नारायण पटेल उम्र 47 वर्ष, भरत माखीजा स्व0 दुलाराम माखीजा उम्र 50 वर्ष, मोहम्मद फिरोज पिता अमीर उम्र 35 वर्ष, हमीद अली पिता रमजान अली उम्र 45 वर्ष, कर्नल सिंह दिलीप सिंह उम्र 52 वर्ष, जय कुमार सिंह स्व० नरसिंह उम्र 44 वर्ष, मोहम्मद अजीज मोहम्मद अमीर उम्र 40 वर्ष और मोहम्मद गुलफाम पिता मोहम्मद महरूम उम्र 53 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना जूटमिल में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर धारा 170/126, 135(3) BNSS के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय प्रस्तुत किया गया, जिन्हें चार आरोपियों का जेल वारंट पर जेल भेजा गया है।

## नपा अध्यक्ष ने किया सूर्य नमस्कार चौक निर्माण का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ›› जशपुरनगर

शहर के प्रमुख स्थल रणजीता स्टेडियम के सामने निर्माणाधीन 'सूर्य नमस्कार चौक' का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा का बारीकी से जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों और ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि, चौक का निर्माण केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कार्य में उपयोग हो रही सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच करने के साथ ही निर्माण कार्य को तय मानकों के अनुरूप पूरा करने के निर्देश दिए।

विकास कार्यों में गुणवत्ता व पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता- अरविंद भगत ने कहा कि, हमारा उद्देश्य है कि सूर्य नमस्कार चौक शहर की पहचान बने। यहां आने-जाने वाले नागरिकों को बेहतर यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई और सुरक्षित माहौल मिलना चाहिए। विकास कार्यों में गुणवत्ता व पारदर्शिता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि, निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समय- सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए। साथ ही, चौक के आसपास यातायात प्रबंधन, प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण के कार्यों को भी प्राथमिकता से पूरा करने को कहा।

**खास बात**
- गुणवत्ता व समय-सीमा के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश

### आंधी-तूफान से सरिया क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बाधित

सारंगढ़। सरिया तहसील क्षेत्र में गुरुवार दोपहर को आए तेज आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है। तेज हवाओं के चलते बड़े.बड़े पेड़ जड़ से उखड़ गए| जिससे बिजली पोल और तारों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। कई जगह ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गए जिसके कारण इलाके की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। तूफान का सबसे ज्यादा असर सरिया क्षेत्र के बरपाली, कांदुरपाली, पंचधार और बुदबुदा गांवों में देखने को मिला। यहां बिजली लाइनें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घटना के बाद से ही बिजली विभाग की टीम लगातार सुधार कार्य में लगी हुई है। डिविजनल इंजीनियर पी के महानंद, असिस्टेंट इंजीनियर बरमकेला गजाधर, जूनियर इंजीनियर सरिया मदन नायकए जूनियर इंजीनियर साल्हेओना किशन भोई स्वयं करीब 30-35 कर्मचारी और ठेकेदार मार्तंड पटेल व लोकेश पटेल मौके पर डटे रहे।

### मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की संवेदनशील पहल

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की संवेदनशील एवं त्वरित पहल के परिणामस्वरूप जिले के विकासखंड फरसाबहार अंतर्गत ग्राम पगुराबहार निवासी अमित राम का पार्थिव शरीर केरल के कोझिकोड से उनके गृह ग्राम सुरक्षित रूप से पहुंचाया गया।

अमित राम केरल के कोझिकोड में ट्रेन से यात्रा के दौरान दुर्घटनावश ट्रेन से नीचे गिरने की वजह से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के पश्चात शोकाकुल परिजनों ने पार्थिव शरीर को उनके गृह ग्राम लाने के लिए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से सहायता हेतु निवेदन किया था।

संवेदनशीलता और त्वरित पहल बनी परिवार का संबल- मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आवश्यक समन्वय स्थापित किया। इसके परिणामस्वरूप अमित राम के पार्थिव शरीर को विमान के माध्यम से केरल से रांची तक लाया गया। इसके पश्चात मुक्तांजली वाहन के जरिए उन्हें उनके गृह ग्राम पगुराबहारपहुंचाया गया। किसी प्रियजन की असमय मृत्यु परिवार के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है, विशेषकर जब यह घटना घर से दूर घटित हो। ऐसे समय में पार्थिव शरीर को शीघ्र घर लाना परिजनों की सबसे बड़ी आवश्यकता होती है। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय द्वारा की गई इस त्वरित एवं मानवीय पहल ने शोकाकुल परिवार को बड़ी राहत और मानसिक संबल प्रदान किया है।

## केरल से एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया अमित का पार्थिव



### हर दुख में सहभागी बनते हैं मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह पहल उनकी संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति समर्पण को दर्शाती है। वे केवल एक जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि एक अभिभावक की तरह प्रदेशवासियों के सुख-दुख में सदैव सहभागी रहते हैं। प्रदेश का कोई भी नागरिक संकट में हो, मुख्यमंत्री उसकी पीड़ा को समझते हुए हर संभव सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। इस कठिन समय में मिली सहायता के लिए मृतक के परिजनों ने मुख्यमंत्री एवं कैंप कार्यालय के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है।

## समितियों में हो रहा खाद भंडारण, किसानों को वितरण नहीं

हरिभूमि न्यूज ›› रायगढ़



समितियों में खाद का भंडारण तो हो गया है, लेकिन किसानों को वितरण को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार है। कारण वितरण का निर्देश अभी तक मिला नहीं है। ऐसे में समिति प्रबंधक इस आदेश का इंतजार कर रह हैं। दूसरी ओर समितियों का गोदाम भी जाम हो चुका है। ऐसे में यदि वितरण नहीं हुआ तो भंडारण की समस्या आने की संभावना जताई जा रही है।

जिले में इस बार समय से पहले ही खाद का भंडारण होने लगा है। टारगेट का करीब 50 फीसदी अभी तक भंडारण हो चुका है। हालांकि भंडारण के बाद भी किसानों को वितरण पर प्रतिबंध है। इसका कारण अधिकारियों को भी नहीं पता है। इससे समितियों में भंडारण की समस्या आ रही है। जानकारी के अनुसार बारिश के पहले तक गोदामों में पूरा खाद का भंडारण का टारगेट है, लेकिन यदि वितरण साथ में नहीं होगा तो खाद गोदाम के बाहर रखना पड़ेगा। क्षमता के हिसाब से कुछ समितियों का गोदाम तो बड़ा है, लेकिन कुछ गोदाम काफी छोटा है। ऐसे में वितरण नहीं होने की स्थिति में भंडारण की दिक्कत हो सकती है। ऐसे में समिति प्रबंधक भी किसानों को वितरण आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

**खास**
- समिति प्रबंधक कर रहे आदेश का इंतजार, गोदामों में

### इस बार बढ़ा है टारगेट

इस बार खाद वितरण का टारगेट बढ़ा है। बीते साल यूरिया, डीएपी, एसएसपी, एमओपी और एनपीके खादों का टारगेट समितियों में 31 हजार 200 एमटी था। इसमें 28 हजार 775 एमटी का वितरण हुआ था। याने बीते साल खाद की काफी मारामारी थी। कई बार खाद के लिए कई जगहों पर आंदोलन भी हुआ था। इसके कारण इस साल करीब 1140एमटी खाद का टारगेट बढ़ाया गया है। याने इस साल समितियों में 32 हजार 400 एमटी खाद वितरण का टारगेट है।

### डीएपी की कमी

अभी तक के भंडारण की स्थिति पर गौर किया जाए तो यूरिया का भंडारण 54.59फीसदी हो चुका है। वहीं अन्य खाद भी पर्याप्त भंडारण हो चुका है। केवल डीएपी खाद का भंडारण ही कम हुआ है। अब तक 34.16 फीसदी ही डीएपी खाद का भंडारण हुआ है।

## जांच अभियान में अस्पतालों व फार्मेसी की कोल्ड चेन व्यवस्था पर फोकस

रायगढ़। छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा सही दवा, शुद्ध आहार.यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर जिले स्तर पर संचालित यह अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक जिलेभर में निरंतर जारी हैए जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित, गुणवत्तायुक्त एवं मानक अनुरूप खाद्य सामग्री एवं औषधियां उपलब्ध कराना है। इसी कड़ी में आज 1 मई को रायगढ़ शहर के विभिन्न अस्पतालों एवं उनसे संबद्ध फार्मेसी प्रतिष्ठानों में वैक्सीन स्टोरेज की कोल्ड चेन व्यवस्था का विशेष निरीक्षण एवं सघन जांच की गई। जांच के दौरान औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया गया। कार्यवाही के अंतर्गत अपेक्स फार्मेसी छातामुड़ा बायपास, गोयल फार्मेसी छातामुड़ा, चिल्ड्रन हॉस्पिटल लोचन नगर एवं मेट्रो हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया।

## 4 मई को आएंगे रियल रिजल्ट, भाजपा की लहर नहीं सुनामी दिखेगी: ओपी

हरिभूमि न्यूज ›› रायगढ़



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि 4 मई को जब चुनाव के वास्तविक परिणाम आएंगे, तब पूरे देश को पता चलेगा कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में लहर नहीं, सुनामी चल रही है। ओपी चौधरी ने मीडिया को दिए बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से जिस तरह भाजपा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक जनता का आशीर्वाद मिल रहा है, वह अभूतपूर्व है।

एक्जिट पोल एक्जेक्ट साबित होंगे और 4 मई को परिणाम आने पर विरोधियों के सारे भ्रम दूर हो जाएंगे। भीषण गर्मी के बीच भी आम जनता ने उत्साह के साथ, भयमुक्त होकर रिकॉर्ड मतदान किया है। हाई परसेंटेज वोटिंग जनता के गुस्से और बदलाव के संकल्प को दिखाता है। यह वोट मोदी की गारंटी और भाजपा की नीतियों के पक्ष में है। विशेषकर पश्चिम बंगाल में जिस तरह लॉ एंड ऑर्डर की सिचुएशन को ठीक किया गया। बूथ कैप्चरिंग और हिंसा पर लगाम लगी, उसके कारण मतदाताओं ने निर्भय होकर कमल का बटन दबाया है। बंगाल की जनता ने तुष्टिकरण को नकार कर विकास को चुना है। डबल इंजन सरकार पर जनता का भरोसा बताते हुए श्री चौधरी ने कहा केंद्र में मोदी और राज्यों में भाजपा की डबल इंजन सरकारों ने गरीब कल्याण, नारी शक्ति, युवा रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम किया है। जनता ने इस काम पर मुहर लगाई है।

### विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

घरघोड़ा। विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर सालसा बिलासपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन तथा तालुका विधिक सेवा समिति घरघोड़ा के निर्देशन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन पैरालीगल वालिंटियर बालकृष्ण चौहान, टीकम सिदार, लवकुमार चौहान एवं सुभाष चौधरी के द्वारा आयोजित किया गया।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लैंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
11 मई,25 मई, 06 जून, 15 जून, 05 सितम्बर,
10 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त